दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 154 मुरादाबाद 29 September 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PFI पर एक्शन से पहले मोदी सरकार ने मुस्लिम संगठनों से किया था मशविरा, अब सभी कर रहे स्वागत



केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) व उससे संबद्ध कई अन्य संगठनों पर बैन लगाने से पहले प्रमुख मुस्लिम संगठनों से राय-मशविरा किया था। 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' एक सुन्नी वहाबी संगठन है और इस पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। केंद्र ने इस इस्लामिक संगठन पर कथित रूप से आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते कड़े आतंकवाद रोधी कानून (ॢक्क) के तहत पांच साल का प्रतिबंध लगाया है। हालांकि पीएफआई पर केंद्र की प्रस्तावित कार्रवाई से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाकारों ने प्रमुख मुस्लिम संगठनों को अपने पाले में किया था। 22 सितंबर को एनआईए, ईडी और राज्य पुलिस की छापेमारी से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने 17 सितंबर को प्रमुख मुस्लिम संगठन के नेताओं से उनके विचारों को समझने के लिए मुलाकात की थी। एनएसए और इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने इस्लाम के देवबंदी, बरेलवी और सूफी संप्रदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश के सबसे बड़े मुस्लिम संगठनों की राय ली। इन सभी संगठनों की राय एक समान थी। इनका मानना था कि पीएफआई भारत में सांप्रदायिकता का फायदा उठाने के लिए अपने चरमपंथी अभियान के साथ अखिल-इस्लामी संगठनों के वहाबी-सलाफी एजेंडे को आगे बढ़ा रहा था। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र के फैसले का सूफी और बरेलवी मौलवियों ने स्वागत किया है। अखिल भारतीय सूफी सज्जादनाशिन परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि यदि अतिवाद पर अंकुश लगाने के लिए कोई कार्रवाई की जाती है तो सभी को धैर्य दिखाना चाहिए। बयान में कहा गया है, 卐अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद का मानना है कि अगर यह कार्रवाई कानून के अनुपालन और आतंकवाद की रोकथाम के लिए की गई है, तो सभी को इस पर धैर्यपूर्वक काम करना चाहिए, सरकार और जांच एजेंसियों के इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए।卐 अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख जैनुल आबेदीन अली खान ने इस कदम का स्वागत किया और कहा कि आतंकवाद को रोकने के लिए कानून के अनुसार की गई कार्रवाई का सभी को स्वागत करना चाहिए।खान ने कहा, 卐देश सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं, देश किसी भी संस्था या विचार से बड़ा है और अगर कोई इस देश को तोड़ने, यहां की एकता और संप्रभुता को तोड़ने की बात करता है, देश की शांति खराब करने की बात करता है, तो उसे इस देश में रहने का अधिकार नहीं है।卐 उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से लगातार पीएफआई की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की खबरें आ रही हैं और इस पर लगाया गया प्रतिबंध देश हित में है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भी एक वीडियो बयान जारी कर इस फैसले को चरमपंथ पर लगाम लगाने का सही कदम बताया।

## अलवर भड़काऊ भाषण मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मामले में हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ पर भड़काऊ भाषण देने को लेकर मामला दर्ज करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा था कि सीएम योगी आदित्यनाथ के भाषण से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, लिहाजा कोर्ट से मांग की कई थी कि वो सीएम योगी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दें।

इस मामले पर मऊ जिले के एक नवलकांत शर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समित गोपाल ने याचिकाकर्ता मोहम्मद इफ्तेखार फारुकी और राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता मनीष गोयल, सरकारी वकील एसके पाल और सरकार के वकील को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ता का आरोप है कि राजस्थान के अलवर जिले में चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भड़काऊ भाषण दिए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। याचिकाकर्ता के मुताबिकअलवर जिले में सीएम योगी आदित्यनाथ के भाषण से जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इससे पहले याचिकाकर्ता ने इस संबंध में मऊ जिला अदालत में परिवाद दायर किया था जिसे खारिज कर दिया गया था। इसलिए उन्होंने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

## लता दीदी के सुरों की याद दिलाएगा अयोध्या का स्मृति चौक, सीएम योगी ने किया लोकार्पण





अयोध्या, संवाद सूत्र। लता के भजनों ने हमारे मन को राममय बनाया है। आज लता दीदी का नाम अयोध्या के साथ हमेशा के लिए जुड़ गया है। लता दीदी भगवान राम की आराधना करती थीं, उनकी सबसे बड़ी आराधिका की यादों से अयोध्या को सजाया गया है। यह उद्गार हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के। वह रामपैड़ी और सरयू के करीब नवनिर्मित लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण अवसर पर वीडियो संदेश दे रहे थे। उनका संदेश कार्यक्रम स्थल रामकथापार्क में प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, यह चौक राम की पैड़ी और सरयू के समीप है,उनको श्रद्धांजलि देने के लिए इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता। लता दीदी हमेशा नागरिक कर्तव्यों को लेकर सजग रहीं। उसी तरह यह चौक लोगों को कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा देगा। वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि लता दीदी के साथ जुड़ी मेरी कितनी ही यादें हैं, कितनी ही भावुक और स्नेहिल स्मृतियां हैं। मुझे याद है, जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ था, तो मेरे पास लता दीदी का फोन आया था, वह बहुत खुश थीं, आनंद में थीं, उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आखिरकार राम मंदिर का निर्माण शुरू हो रहा है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा, रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या विश्व की सुंदरतम नगरी के रूप में विकसित की जा रही है। लता मंगेशकर चौक का लोोकार्पण इसकी शुरुआत है और निकट भविष्य में रामानंदाचार्य तथा रामानुजाचार्य जैसे शीर्ष संतों एवं दार्शनिकों सहित मंदिर आंदोललन से जुड़े नायकों के नाम से भी चौराहों का विकास किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, सांसद लल्लू सिंह आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास ने की। समारोह का संचालन प्रख्यात साहित्यकार यतींद्र मिश्र ने किया। ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया आफ रामायण का विमोचन- मुख्यमंत्री ने रामकथा पार्क के ही मंच से अयोध्या शोध संस्थान की ओर से प्रकाशित पत्रिका साक्षी के श्रीराम विशेषांक एवं ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया आफ रामायण का विमोचन भी किया। ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया आफ रामायण 10 भाग में है।

# आगंतुक कक्ष का पुलिस अधीक्षक ने किया उदघाटन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना सोनवा परिसर में जन सहयोग से बने नवनिर्मित आगुन्तक कक्ष का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा द्वारा थाना क्षेत्र के सम्मानित संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर जन सहयोग प्राप्त कर थाना परिसर में आगुंतक कक्ष का निर्माण कराया गया। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना प्रांगण में उपस्थित थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की से वार्तालाप किया गया तथा सभी को समय से सूचना देने व अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। आपको बता दें, कि ग्रामप्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/सूचना प्रदान की जाती रही है। सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र पाल शर्मा व प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा सुरेन्द्र कुमार शर्मा व क्षेत्र के संभ्रांत लोग सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अधूरे कार्यो को पूरा कराने में लाई जाए तेजी-जिलाधिकारी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन जेल में कैम्पस की साफ-सफाई, पेंटिंग एवं फैब्रीकेशन का कार्य प्रारम्भ पाया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पुरूष बैरक, किचन, उच्च सुरक्षा बैरक, केन्द्रीय वाच टावर, आवास एवं प्रशासनिक भवन आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने निर्देश दिया कि अधूरे कार्यो को पूरा कराने हेतु तेजी लाई जाए, ताकि समय से जेल का निर्माण कार्य पूरा होकर जिले के बंदियों को रखा जा सके इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियंता रजनीश कुमार, थानाध्यक्ष, सुपर वाइजर सुरेन्द्र दुबे सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी महिला व्यापार मंडल का डांडिया महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी के नेतृत्व में डांडिया महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रुप से व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा अतिथि अमृत सिंह भोला जी दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया नवरात्रि महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया प्रेस के भाई और बहन ने उपस्थित थे उन सभी लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया वाराणसी महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनीता सोनी सभी देशवासियों और काशी वासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी जिसमें सारे पदाधिकारी मौजूद रहे महामंत्री रविंद्र जयसवाल जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज सोनी जी संजू राय जी पंचकोशी व्यापार मंडल अध्यक्ष कपूर चंद्र शाह जी अध्यक्ष रंजीता सिंह सुमित सराफ जी संयुक्त महामंत्री सुमन सिंह कोषाध्यक्ष डोली चक्रवर्ती दिव्या मौर्य डॉली शर्मा शकुंतला जी ऋतु सिंह कार्यवाहक उपाध्यक्ष ज्योति जायसवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती शर्मा नंदिनी बिंदु पंकज सेठ राज सोनी अंशु सोनी राजा बाबू सेठ नीलम यादव लक्ष्मी जी अंकिता जेटली इंदु सोनी जरीना बेगम ऐश्वर्या सोनी साक्षी यादव अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जलभराव बता रहा ग्राम पंचायत का विकास,बदहाल हैं बैजनाथपुर बदला की सड़कें



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के ग्राम पंचायत बैजनाथ पुर बदला में जल निकासी की मुकम्मल सुविधा ना होने के चलते हमेशा जलभराव की समस्या बनी रहती है जरा सा बारिश मैं यहां की सड़कें तालाब का रूप धारण कर लेती है जिससे आवागमन मैं लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत बैजनाथपुर बदला के इंडियन बैंक के बगल से बृजवासन पुरवा बदला जमुनही जाने वाले रास्ते की है जहां आए दिन रास्तों पर कीचड़ पानी कचड़ा भरा पड़ा मिलेगा जिससे तकरीबन 4से 5 गांव के लोगो को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है

कि इस विषय में हमने ग्राम प्रधान से कई बार सड़क की पटाई को लेकर आवाज भी उठाई है लेकिन अभी तक सड़क जैसे की तैसी है सड़क के बगल में इंडियन बैंक है जहां पर आने के लिए 4 से 5 गांव के लोग इतना कीचड़ मैं चल कर आते हैं इसे काफी समस्या होती हैं

# जिन किसानों के धान की खेती को भारी नुकसान हुआ है उन किसानों की सूची कल डीएम को सौंप देंगे- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि धान की फसल को जो नुकसान बारिश के दौरान हुआ है उन किसानों की लिस्ट कल डीएम को सौंपेंगे भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि लिस्ट में वही किसान शामिल हैं जिन किसानों का नुकसान हुआ है इस लिस्ट को कल डीएम को सौंप देंगे लिस्ट में जो नाम देंगे डीएम रिश्ते के हिसाब से जांच करा लें उसके बाद इस लिस्ट को शासन को भेजें भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि धान की खेती अधिक वर्षा के कारण किसानों की धान की खेती खराब हुई है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने प्रत्येक गांव का दौरा किया किसानों का हालचाल पूछा जब सूची तैयार की गई है फिर भी जिला अधिकारी से आग्रह किया जाएगा जो नाम लिस्ट में दिए जाएंगे उनकी जांच करा लें जांच के बाद में सूची शासन को भेजें कल 29 अगस्त सन 2022 को सूची डीएम को 11=00 बजे के करीब सौंप देंगे

# बीए की छात्रा का अश्लील,फोटो बनाया फिर दी,वायरल करने की धमकी छात्रा के पिता से अभद्रता की

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ के खैर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली बीए की छात्रा को ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवक छात्रा का अश्लील फोटो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। अलीगढ। जनपद अलीगढ़ के खैर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली बीए की छात्रा को ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवक छात्रा का अश्लील फोटो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। आरोपित तीनों युवक भाई हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इस बात यह है कि इस तरह के तमाम मामले बढ़ रहे हैं। कारगर कार्रवाई न होने की वजह से मनचलों के भी हौंसले बुलंद हैं।

## छात्रा के पिता से मांगे दो लाख

जनपद अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती प्राइवेट डिग्री कालेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। उसके पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि छह माह से क्षेत्र के जरारा में रहने वाला सुरेश डार व उसके दो भाई गौरव व सोनवीर परेशान कर रहे हैं। युवक धमकी देते हैं कि दो लाख रुपये नहीं दिए तो छात्रा के फोटो को एडिट करके उसे अश्लील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर देंगे। छात्रा ने घर पर सारी बात बताई तो लोकलाज की खातिर पिता युवक के घर गए। इस पर युवकों ने पिता से गालीगलौच करते हुए फिर से दो लाख रुपये मांगे हैं। इससे वह काफी परेशान हैं।

## तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कहा कि पुलिस को बताया तो बेटी समेत जान से मार देंगे। इसके बाद युवकों की ओर से कई अन्य मोबाइल नंबरों से अश्लील व गंदे-गंदे मैसेज भेज रहे हैं। इससे छात्रा सदमे में है। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने सुरेश सागर, गौरव, सोनवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। डीएसपी प्रशिक्षु थाना प्रभारी शुबेंदु सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

# पराली जलाने के कारण उत्पन्न समस्याओं के समाधान पर हुआ विचार

मुरादाबाद -आज पंचायत भवन सभागार में जनपद स्तरीय कृषक जागरुकता गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसका विषय ‘प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू एवं कृषि सूचना तंत्र योजनान्तर्गत’ था, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा की गयी। इस गोष्ठी में फसल अवशेष प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान किसानों एवं सरकारी तंत्र के अधिकारियों के बीच हुआ, जिसमें पराली जलाने के कारण उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरुक किया गया।




इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पराली की समस्याओं का निदान आपसी सहयोग के द्वारा हो सकता है। उन्होंने बताया कि जमीन की गुणवत्ता के लिए फसल चक्र को सही ढ़ंग से अपनाया जाये। बार-बार एक फसल के बुआई करने से जमीन की उत्पादन की क्षमता में कमी आती है। जिलाधिकारी ने एक कहानी के माध्यम से किसानों को जागरुक करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल ब्रान्डिंग पर भी ध्यान दें, खाद्य उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य पालन, डेयरी, पशुपालन, बागवानी व अन्य स्त्रोतों से भी आय अर्जित कर सकते है। उन्होंने बताया कि नई-नई तकनीकों के जरिए किसान अपनी फसल उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर आय में वृद्धि कर सकते हैं। एक किसान की गोवंशीय पशु की समस्या पर जबाव देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि शहर में 8 गौ आश्रय स्थल चल रहे हैं और निकट भविष्य में और अधिक गौ आश्रय स्थल खोलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने किसानों को बताया कि आप लोगों की समस्याओं से अवगत होने के लिए हर माह किसान दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आप लोगों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का समाधान किया जाता है। उन्होंने किसानों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों को ऐसे ही अन्नदाता नही कहा जाता है तथा आप लोगों के कौशल व परिश्रम से ही आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। आप लोगों की मेहनत व नई तकनीकों के इस्तेमाल से ही कोविड के समय उत्पन्न समस्या पर भी देश में खाद्यान्न की कोई कमी नही आयीं। जिलाधिकारी ने पराली के संबंध में किसानों से कहा कि आपका साथ और सहयोग बहुत जरुरी है। उन्होंने बताया कि पराली के निष्पादन के लिए इथेनॉल प्लान्ट लगवाया जा रहा है, जिससे किसानों को अन्य स्त्रोत से आय उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसके चलते किसानों का भारत की अर्थव्यवस्था में अमूल्य योगदान रहता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कृषि में निरन्तर सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पराली के प्रबन्धन से न केवल प्रदूषण के स्तर में कमी आती है बल्कि किसानों की आय भी बढती है। पराली खेतों में जलाने से मिट्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है, जिससे फसल उपज में कमी आती है। उन्होंने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान आदि योजनाओं के बारे में बताया।

इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों को मिट्टी की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जीवांश पदार्थ मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि करता है। उन्होंने किसानों को बताया कि किसान वेस्ट डीकम्पोजर का प्रयोग करें और सरकार द्वारा कम दामों पर प्रदान की जा रही विभिन्न कृषि यंत्र जैसे मल्चर, बेलर, वेस्ड डी कम्पोजर आदि का भरपूर उपयोग करें। इस अवसर पर कृषि निदेशक ने बताया कि अगले 10 से 15 दिनों में किसानों को सब्सिडी पीएमएफएस के तहत उपलब्ध करा दी जाएगी।

गोष्ठी में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सीनियर वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सहित अधिकारीगण एवं किसान बंधु उपस्थित रहें।

# पदाभिहीत अधिकारी /अतिरिक्त पदाभिहीत अधिकारी पूरी जागरुकता एवं सक्रियता के साथ कार्य करें -डीएम

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउ्ट सभागार में अर्हता दिनांक 01.11.2022 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के कम.दवअव चतमचतंजपवद के सम्बन्ध में पदाभिहीत अधिकारी/ अतिरिक्त पदाभिहीत अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य का निर्वाचन 2022-23 के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आयुक्त बरेली मण्डल बरेली तथा सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपर आयुक्त प्रशासन बरेली मण्डल बरेली एवं उक्त निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपदों के जिलाधिकारी हैं।

जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने के संबंध में बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 की धारा-31 के अन्तर्गत बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली नये सिरे से तैयार की जाएगी, समस्त अर्ह मतदाता जिनके नाम पूर्व से ही विद्यमान निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हैं वह वे पुनः नये सिरे से फार्म-18 में आवेदन करेंगे, समस्त फार्म-18 अपेक्षित अभिलेखों सहित संबंधित पदाभिहीत अधिकारी / अतिरिक्त पदाभिहीत अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा वल्क में प्रस्तुत किए गये अथवा डाक से भेजे गये फार्म-18 स्वीकार नही किए जाएंगे, केवल एक परिवार के सदस्य द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों के भी फार्म-18 जमा कर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चुनाव महत्वपूर्ण होते हैं छोटी सी गलती या चूक असहज स्थिति उत्पन्न कर देती है। चुनाव के कार्य संवेदनशील होते हैं इसलिए पूरी जागरुकता एवं सक्रियता के साथ कार्य करें। 01 अक्टूबर से 07 नवम्बर 2022 तक की अवधि में मतदाता बनने के लिए मतदाता फार्म-18 भरकर देगा। आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावली में नामाकंन हेतु बताया कि एक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में नामाकंन के लिए एक व्यक्ति की योग्यता को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के संविधान के अनुच्छेद 170( 3 ) और धारा-27( 3 )( ए )27( 5 )( ए ) और 27( 6 ) प्राविधान के अनुसार निर्धारित की गयी हैं। ऐसा व्यक्ति जो निर्धारित अर्हता तिथि 01.11.2022 से 3 वर्ष पूर्व भारत के किसी भी विश्वविद्यालय का स्नातक रहा हो या उसके पास निर्धारित समकक्ष योग्यता हो और जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो, मतदाता के रुप में पंजीकृत हो सकता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व युगराज सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो0 शबाहत, सभी उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Growing support

This is a very useful and favorable period for India in international diplomacy. If we pay attention to the praise that India has received in the 77th session of the United Nations General Assembly, then the way for India to become strong in the world seems to be paved. Apart from what India has said or replied during the session, the statements made by External Affairs Minister S Jaishankar certainly boost India's morale. It is worth noting that Ukraine is not angry with India's stand for the last months and Russia is also happy. While on the one hand, Ukrainian President Volodymyr Zelensky has praised the Indian leadership and policies, Russian Foreign Minister Sergei Lavrov also has words of appreciation for India. In fact, during the meeting in Samarkand, Narendra Modi had clearly told Russian President Vladimir Putin that this is not the time for war. Only India can make a high level effort to explain with such clarity. There are many countries which have a greater role to play at the international level than India, but they cannot at all say as the Indian Prime Minister has said. In fact, the new and old superpower countries are moving forward with imperialist ambitions. There are many such countries, which have thought long ago that what to grab from neighboring countries in the coming years. In such a situation, if India is saying that it is not the time for war, then the world is listening and appreciating. UN Secretary-General Antonio Guterres has also acknowledged that India can play an important role in achieving the Sustainable Development Goals. Jamaica, Guyana and Portugal have also praised India openly. Most quintessentially, Russia is not displeased despite blatant advice from the Prime Minister of India, Russian Foreign Minister Sergei Lavrov has backed India's permanent membership in the Security Council after meeting Indian Foreign Minister S Jaishankar. Addressing the United Nations General Assembly, the Russian Foreign Minister said that his country considers India a worthy candidate for permanent membership. It is said that good work comes back, so many countries remembered the help given by India during the epidemic and thanked India. India was praised in bilateral talks earlier also, but if the round of praise for India starts from the forum of the General Assembly, then it gives hope for the future. From the frankness of the Indian External Affairs Minister, it seems that India is eagerly vying for permanent membership in the Security Council. After support for permanent membership by the US, UK, France and Russia, only China remains in opposition to India. It is necessary that India gets open support in world forums. Only after the continuous efforts of India, the superpower countries will take the initiative to prepare China. India is a liberal democratic country living in its purview, so all countries, small and big, will be benefited by bringing it forward. Apart from this, India will emerge as a natural world leader due to India's large population, booming economy and liberality. This will also strengthen the necessary non-alignment, which India had a great contribution in laying the foundation of the world.

# Didn't wear any top this time, just painted ahead, seeing the video of Urfi Javed, the eyes of the fans became four

Urfi Javed is a social media star. She dominates with her clothes. So far, Urfi has made clothes from razors, safety pins, sims, photos, candy and electrical wires. But now this time Urfi has shared such a video which everyone is surprised to see because this time Urfi is not wearing any top. Just have glitter painted from the front. At the same time, she is wearing red color cloth as a skirt. Sharing the video, Urfi wrote, 'The fault of sharp eyes.' Fans on the video are praising this idea of ??Urfi. They are commenting that you have already set fire. By the way, let us tell you that Urfi has to be trolled many times for this style. But it doesn't matter to them. She neither listens to anyone nor is afraid of anyone. They do whatever they want to wear, whatever they want to experiment. This is the reason why his fan following on social media is increasing. Urfi now has 3.6 million followers on Instagram. Many celebs have also praised Urfi's fashion, including Ranveer Singh. Ranveer called Urfi a fashion icon in Karan Johar's show Koffee With Karan. After this, Urfi also thanked Ranveer through social media. At the same time, many celebs on social media also praise her outfit. Retort to trollers- Recently a user commented on Urfi, in which it was written that do you need clothes? We will give you clothes. We help those who cannot buy clothes for themselves. Urfi replied immediately after reading the user's comment, yes of course I would like it. So now that we're helping each other, let me give you your nose back that I found in my business.



# Vivek Agnihotri said, Nepotism came in Bollywood after the year 2000, children of stars came and

The debate on nepotism, which started after an episode of Koffee With Karan, continues till date. In this episode, Kangana Ranaut called Karan Johar the one who raised the flag of nepotism. Since then, one gets to hear something or the other on this every day. Now filmmaker Vivek Agnihotri has said during an interview that before the year 2000, there was no nepotism in the film industry. Vivek said that Sridevi, Amitabh Bachchan and Jitendra are all outsiders. However, after the arrival of their children, Bollywood became like a bonded mafia. When children came, they became mafia - Vivek Agnihotri does not consider himself a part of Bollywood. He often taunts Karan Johar and so on in tweets. In an interview to Brute India, Vivek Agnihotri said, I think Bollywood used to be completely different before 2000. It was a different place. Most of the people were outside. Of these stars who became big stars by 2000, then their children came and they became like close-knit mafia. And they have some problem with outsiders. I don't know why, and that's why they are traveling. Outsiders' career ruined - Vivek says that after 2000, Bollywood families closed their doors to others. Vivek said that then these filmmakers started destroying the careers of talented actors outsiders. Vivek says, the son of a doctor becomes a doctor, it is very natural. There is no harm in it but filmmakers in Bollywood say that stars are promoting unqualified people because of the nepostic nature of the industry.



# पुलिस व वन अमले पर हमले मामले में 2 विधि से संघर्षरत बालक सहित 10 गिरफ्तार

## नहीं बख्शे जायेंगे आरोपी, सरगर्मी से की जा रही है पतासाजी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बीते 25.09.22 को वन रक्षक बिहारपुर संजय देवांगन के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र की मौका जांच करने थाना प्रभारी चांदनी बसंत खलखो पुलिस व वन अमले के साथ ग्राम ठाढ़पाथर पहुंचे जहां रामप्रकाश कोल सहित करीब 25-30 व्यक्ति मौजूद थे। वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा नहीं करने के संबंधी समझाईश देने के दौरान सुदर्शन नाई से शिवबालक व हीरामति कोल विवाद करते हुए डण्डा व टांगी से लैस होकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिए झगड़ा को देखते हुए थाना प्रभारी सहित उनकी टीम के द्वारा बीच-बचाव किया गया इसी दरम्यिान रामप्रसाद व शिवबालक व अन्य 18-20 व्यक्ति जो पूर्व से ही लाठी डण्डा, टांगी व भाला से लैस थे पुलिस व वन अमले पर हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाए, वन विभाग के शासकीय वाहन के शीशे को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिए। निरीक्षक बसंत खलखो की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र. 116/22 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 324, 307, 186,



332, 353, 427 भादवि व 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने घटना में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के नेतृत्व में थाना चांदनी की पुलिस टीम को लगाया। बीते दिन पुलिस टीम ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी (1) अमित कोल पिता रामश्री कोल उम्र 23 वर्ष (2) सुलेन्दर कोल पिता शिवबाल कोल उम्र 19 वर्ष, (3) रामकेश कोल पिता राममिलन उम्र 28 वर्ष, (4) हीरामति कोल पति शिवबालक कोल उम्र 50 वर्ष (5) शशिमति कोल पति मानिकचन्द्र कोल उम्र 35 वर्ष (6) सोनमति कोल पति सुलेन्दर कोल उम्र 19 वर्ष निवासी ठाढ़पाथर, थाना चांदनी को घेराबंदी कर पकड़ा तो वहीं बुधवार को आरोपी संतराम कोल पिता ड्राइवर कोल उम्र 35 वर्ष, छोटू कोलर्ी पिता हरि कोल उम्र 19 वर्ष तथा 2 विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा व भाला जप्त कर गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है।

# ग्रामीणों को आग से बचते खुद झुलसे डॉक्टर,सेनेटाइजर से आग जला रहे थे ग्रामीण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर. दूरस्थ क्षेत्र रसौकी में स्वास्थ्य शिविर में आये डॉक्टर आग की चपेट में आने से झुलस गए जिनका उपचार किया जा रहा.दो दिन पहले ग्राम पंचायत रसौकी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर ग्रामीणों इलाज किया गया उसके उपरांत गांव में ग्रामीणों ने मकई पकाकर डॉक्टरों को देने की नीयत से लकड़ी को जलाया नही जलने पर सेनेटाइजर डालकर जलाने के दौरान आग सेनेटाइजर सहित ग्रामीणों में पकड़ लिया उन्हें बचाने की कोशिश करते डॉक्टर खुद आग की चपेट में आ गए जिससे वे झुलसकर घायल हो गए. चार ग्रामीणों के साथ मोहरसोप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर बृजेश कुमार कुशवाहा जख्मी हो गए जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर लेकर प्राथमिक इलाज कर



मध्यप्रदेश सिंगरौली जिला अस्पताल बैढ़न ले जाया गया जहाँ उनका उपचार किया जा रहा.गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में सेनेटाइजर बाटे गए थे तो वही ग्रामीण जन सेनेटाइजर का उपयोग आग जलाने में उपयोग करते है जिससे सावधानी नही बरतने पर कई घटनाएं हो जाती है.

# मां गढ़वतिया के दरबार में बढ़ रही भक्तों की भीड़ लेकिन सुविधाओं की कमी खल रही.चार से अधिक प्रदेशों के भक्त पहुंचते हैं मां के दर्शन करनेः

## पहाड़ पर स्थित माता के मंदिर में न बिजली व न पानी की व्यवस्था

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर के महुली गांव में स्थित गढवतिया मां दुर्गा का मंदिर सुविधाओं के अभाव में जीर्णशीर्ण है। यहां नवरात्र के समय दर्शन करने के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न जगहों से लोग पहुंचते हैं। इसके बाद भी पहाड़ पर स्थित मां के दरबार तक जाने के लिए रास्ता तक नहीं बनाया गया है। ग्रामीणों ने खुद ही पहल कर कुछ दूरी तक सीढ़ियां बनाई, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मां के दर्शन को आने वाले भक्तों की संख्या भले ही निरंतर बढ़ रही हो, लेकिन सुविधाओं की कमी लगातार बनी हुई है।सूरजपुर जिला मुख्यालय से 125 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम महुली के गढ़ वतिया पहाड़ पर मां अष्ठभुजी का दरबार है। यहां बहुत पहले से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और चैत्र व शारदीय नवरात्र



में यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में भक्त परेशान हो रहे हैं। यहां न तो बिजली है और न ही पानी की व्यवस्था है। यहां तक की मां के धाम तक पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं बना हुआ है। ग्रामीणों ने कुछ साल पहले सहायता राशि इकट्ठा कर सीढ़ी की व्यवस्था कराई, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं बन पाई हैं। वर्तमान में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ हर रोज उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां जो भी भक्त माता के दरबार में आता है उन सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्त श्रद्धा से नारियल चुनरी चढ़ाते हैं और मन्नत मांगते हैं। गढ़वतिया धाम के मुख्य पुजारी सोमारसाय व जगमोहन ने बताया कि माता के भक्त श्रद्धा भाव से जो भी अर्पण करते है, माता उनकी मनोकामना जरूर पूरी करती हैं। इस धाम का आकर्षण का केंद्र यह है कि यहां प्राचीन मूर्तियों का विसाल भंडार है। लेकिन, प्राचीन मूर्तियां संरक्षण के अभाव में टूटी पड़ी हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से माता के धाम में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की है।

पहाड़ पर प्राचीन मूर्तियों का भंडार

गढ़वतिया में पूरे पहाड़ में प्राचीन मूर्तियों का भंडार है, लेकिन संरक्षण के अभाव में बहुत सारी मूर्तियां टूट चुकी हैं और अस्त-व्यस्त बिखरी हुई हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मूर्तियों के संरक्षण व मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करवाने की मांग की है। दर्शनीय स्थल होने के बावजूद भी अभी तक प्रशासन ने ना तो बिजली की व्यवस्था की है और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। इसके साथ ही पहाड़ी पर चढ़ने के लिए सीढ़ियों तक की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने मंदिर को दर्शनीय स्थल घोषित कर पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग की है।

# यू वी संस्कार महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस







रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- यू वी संस्कार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा रैली निकाली गई रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव , संस्था के संस्थापक डॉ, एस के श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम आधिकारी भागीरथी पातर ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया रैली में नारे लगाते हुए लटोरी का भर्मण किया गया उसके बाद महाविद्यालय के सभा कक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजित किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय जी ने एवम् सभी स्टाफ ने विवेकानंद के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य महाविद्यालय के प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बच्चों को उत्साह किया

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम आधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए विवेकानन्द जी के बारे में जानकारी दी । अनुज कुमार यादव ने एनएसएस के बच्चों को एनएसएस गीत गवाया गया एवं अनीता विश्वकर्मा, देवीका, एकता ,श्रवन सिंह, शसमीर विश्वास, संजय कुमार , आयुष सिन्हा उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया द्य

# अवागढ़ में बच्चों से भरी स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी, मच गई चीख-पुकार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अवागढ़ थाना क्षेत्र में तिसार मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस में बैठे छात्र-छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों और राहगीरों ने बस में फंसे छात्र-छात्राओं को बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी और बड़ा हादसा बच गया। कस्बे में संचालित सूर्योदय मॉडर्न स्कूल में जिनावली, नगला गंगा, चुरथरा, तिसार, बोर्राकलां, सिकरारी गांव से छात्र-छात्राएं स्कूल में पढ़ने आते हैं। उनको लाने और ले जाने के लिए स्कूल बसें लगाई गई हैं। मंगलवार को अवकाश के बाद एक स्कूल बस करीब 40 छात्र-छात्राओं को छोड़ने के लिए गांवों में जा रही थी। बस तिसार मार्ग पर अचानक पलट गई। कुछ छात्र-छात्राओं के मामूली चोटें आईं। बस पलटने की सूचना पर स्कूल का स्टाफ मौके पर जा पहुंचा। छात्र-छात्राओं को अन्य वाहनों से उनके घर भिजवाया गया।

## मार्ग संकरा नहीं भेजनी चाहिए बस

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया तिसार मार्ग बहुत संकरा है। स्कूल संचालक को यहां बस नहीं भेजनी चाहिए। बस के निकलने की पर्याप्त जगह इस मार्ग पर नहीं है। उन्हें छोटे वाहन भेजने चाहिए। सूर्योदय मॉडर्न स्कूल के प्रबंधक रामगोपाल उपाध्याय ने कहा कि तिसार मार्ग के किनारे की सड़क को ग्रामीणों द्वारा काट दिया गया है। इससे बस का पहिया उसमें धंस गया। सभी छात्र-छात्राओं को नीचे उतारकर उनके घर भिजवाया गया। उसके बाद बस पलट गई। किसी को चोट नहीं आई है। एआरटीओ प्रवर्तन अभिनव चौधरी ने कहा कि अवागढ़ में स्कूली बस पलट गई, जानकारी होते ही वहां मौके पर गया था। किसी बच्चे के चोट नहीं आई है। बसों के कागजात पूरे मिले हैं। अन्य जानकारी की जा रही है।

# शहर के बाबूगंज मार्केट में चलाया गया अतिक्रमण अभियान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शहर के बाबूगंज मार्केट में चलाया गया अतिक्रमण अभियान, एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री व ईओ नगर पालिका संजय गौतम के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण अभियान, अतिक्रमण अभियान में नाले के ऊपर पटिया पाटकर बनाई गई दुकानों पर चलाया गया बुलडोजर, अवैध तरीके से नाले के ऊपर पटिया से पाटकर कर रखा था नाला, पूर्व में अतिक्रमण करने वालों को नगर पालिका की ओर से दिए गए थे नोटिस, नोटिस पर दुकानों को ना हटाए जाने पर नगर पालिका द्वारा चलाया गया बुलडोजर, नगर पालिका द्वारा बाबूगंज में लाल निशान लगाकर अवैध अतिक्रमण की चिन्हीकरण कर की कार्रवाई की गई, अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार सिटी में चलाया जा रहा है अतिक्रमण हटाओ अभियान, अतिक्रमण अभियान में एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री,ईओ संजय कुमार गौतम, कर अधीक्षक मुन्नालाल कोतवाली नगर प्रभारी सुधीर कुमार सिंह,गोदाम चौकी प्रभारी विजय सिंह,पटियाली गेट चौकी प्रभारी रितेश ठाकुर के साथ भारी तादाद में पुलिस फोर्स राह मौजूद

# प्रसव रिकॉर्ड में फर्जीवाड़े की जांच शुरू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-राजा का रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा किया गया। निजी नर्सिंग होम और घरों में हुए प्रसव भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर लिए गए। अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग में खलबली मची और जांच शुरू कर दी गई है। कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं को नियमित रूप से प्रसव सुविधा नहीं मिलती। अक्सर केंद्र का प्रसव कक्ष खुलता नहीं है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किसी चिकित्सक की तैनाती नहीं है। ऐसे में सामान्य रोगियों को दवा तक मिलना मुश्किल होता है। कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अलीगंज, फर्रुखाबाद आदि स्थानों पर प्रसव के लिए जाना पड़ता है। तो गरीब और अशिक्षित लोग घर में दाई आदि के माध्यम से प्रसव कराने का जोखिम लेते हैं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य केंद्र का रिकॉर्ड यहां प्रसव सुविधा सुचारु होने का दावा कर रहा है। इसके मुताबिक 21 जून से 8 सितंबर के बीच यहां 17 महिलाओं के प्रसव कराए गए। जब अमर उजाला टीम ने इसकी पड़ताल की तो कई मामले ऐसे सामने आए, जिनका प्रसव निजी नर्सिंग होम या घर पर ही हुआ। कहीं मर्जी से तो कहीं लोगों की बिना जानकारी के इनका विवरण केंद्र के रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद आलाधिकारियों ने इस पर जवाब मांगा तो स्थानीय स्तर पर जांच शुरू कराई गई है।

## घर-घर पहुंचकर की जाएगी जांच

अलीगंज सीएचसी के अधीन यह स्वास्थ्य केंद्र आता है। वहां के चिकित्साधीक्षक डॉ. रंजीत वर्मा ने बताया कि अलीगंज सीएचसी की स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मालती यादव स्थानीय आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संबंधित महिलाओं के घर पर पहुंचकर सत्यापन करेंगी। गड़बड़ी मिलती है तो संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएचसी पर किसी भी प्रसूता को जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान नहीं किया गया है।

# कठौली खाद केंद्र पर हो रही जमकर वसूली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिले में डीएपी की मांग बढ़ने लगी है। किसान काफी संख्या में डीएपी लेने के लिए किसान सेवा केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। लेकिन कुछ केंद्रों पर डीएपी के लिए एमआरपी रेट से अधिक रुपये वसूले जा रहे हैं। सोमवार को कठौली केंद्र पर अधिक पैसा लेने का विरोध करते हुए किसानों ने हंगामा किया। इसका एक वीडियो भी वायरल हो गया। ग्राम कठौली में स्थित खाद केंद्र पर किसानों से डीएपी के लिए 1600 रुपये वसूले जा रहे थे। इसको लेकर किसानों ने हंगामा काट दिया। केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ उनकी नोकझोंक हो गई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं बाजार में डीएपी के खुले रेट 1370 रुपये प्रति पैकेट हैं। उसके बाद भी यहां पर किसानों से जमकर रुपये वसूले जा रहे थे। जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह ने कहा कि कठौली में रेट से अधिक रुपये वसूलने का मामला संज्ञान में नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के नाम जद 51 कार्यकर्ताओं एवं 150 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकद्दमें दर्ज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज।भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के नाम जद 51 कार्यकर्ताओं एवं 150 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकद्दमें दर्ज।

26 सितंबर को थाना कोतवाली कासगंज में एक दरोगा पर एक ग्राम प्रधान से कथित रूप से रिश्वत लेने और दुर्व्यवहार के खिलाफ शिकायत पर कथित रूप से कार्यवाही न होने के विरोध में धरना प्रदर्शन के दौरान उग्र हुए किसानों के खिलाफ पुलिस ने मु.अ.सं 627/ 22, मु.अ.सं. 642/ 22 और मु.अ.सं. 643/22 के तहत विभिन्न संगीन धाराओं में 51 नाम जद तथा 150 के लगभग अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं स्मरण हो कि कल घटे घटना क्रम में उग्र हुए किसानों पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था तथा घटना की जानकारी पर डी आई जी अलीगढ़ दीपक कुमार भी मौके पर पहुंच गए थे ,अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे ने एक बयान में बताया कि संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# फर्रुखाबाद पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ में भोलेपुर में ओवर ब्रिज के नीचे भाजपा नेता रामवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गाड़ी पर खड़े होकर कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आवास विकास चौराहा पर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए पहुंचे भाजपा जिला कार्यालय भाजपा जिला कार्यालय पर भी डिप्टी सीएम का हुआ भव्य स्वागत सभागार में पहुंचने की भाजपाइयों में दिखी हुए जमकर हुई धक्का-मुक्की, सुरक्षाकर्मियों ने मुख्य द्वार को किया बंद शहर क्षेत्र का मामला